



# स्पॉट वेरिफिकेशन और जिओ टैगिंग में देरी न हो : संभागायुक्त

नवभारत न्यूज

**बैतूल/मुलताई, 15 सितंबर. संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ जनपद कार्यालय मुलताई का औचक निरीक्षण किया।**

**विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं**

**जनपद कार्यालय मुलताई का किया निरीक्षण**

उन्होंने यहां योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्राप्त लक्ष्य की तुलना में प्रगति की जानकारी ली। जिसमें जनपद सीईओ ने बताया इस वर्ष 1844 आवास के प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 652 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। 1142 आवास प्रगतिरत है, जिस पर संभागायुक्त श्री तिवारी ने पोर्टल खुलवाकर प्रधानमंत्री आवास के स्टेटस की जानकारी लीं। संभागायुक्त श्री तिवारी ने आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को स्वीकृत किश्तों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रथम किश्त मिलने के उपरान्त द्वितीय किश्त में देरी। इसी प्रकार तृतीय और चतुर्थ किश्त मिलने में भी लंबा अंतराल न हो। स्पॉट वेरिफिकेशन और जिओ टैगिंग समय पर पूर्ण की जाएं। ताकि हितग्राहियों को किश्त मिलने में देरी न हो और आवास समय पर पूर्ण हो सकें। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान रखें कि प्रथम किश्त मिलने के बाद हितग्राही द्वारा मौके पर आवास निर्माण कराया गया हो। निर्माण नहीं कराने वाले संबंधित हितग्राहियों से राशि भी वसूल की जाए। जनपद सीईओ और ब्लॉक कॉर्डिनेटर दिन निर्धारित कर फील्ड विजिट कर प्रगतिरत आवास कार्यों का निरीक्षण करें। साथ ही प्रगतिरत कार्यों की ग्रामपंचायत वार सतत मॉनिटरिंग भी की जाएं। उन्होंने जनपद कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि निर्धारण भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



**स्वच्छ भारत मिशन और सेवा स्थापना के प्रकरणों की समीक्षा :** संभागायुक्त श्री तिवारी ने जनपद कार्यालय के कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन इत्यादि सेवा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि कर्मचारियों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन में सभी मातांकन पूर्ण कर संधारित की जाएं। साथ ही सेवा पुस्तिका का भी व्यवस्थित संधारण कराएं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और उनके भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भुगतान के कोई भी प्रकरण लंबित न रहें।

## प्रगतिरत विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं

संभागायुक्त श्री तिवारी ने जनपद कार्यालय में पंचायत मद, सांसद निधि, मुख्यमंत्री अधोसंरचना के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि इन मदो में प्रगतिरत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना में कोई भी आवेदन भुगतान के कारण लंबित न रहें। उन्होंने राष्ट्रीय परिवार सहायता, दिव्यांग विवाह योजना, पेंशन इत्यादि के प्रकरणों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि परिवार सहायता के तहत मृतक के परिजनों को मिलने वाली 20 हजार की राशि मिलने में देरी न हो। सतत ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर आवेदकों को भुगतान किया जाएं।

## कारगिल चौक से बच्चा जेल चौक तक बनेगी 10 मीटर चौड़ी सड़क

बैतूल। कारगिल चौक से बच्चा जेल चौक तक 7 .89 करोड़ की लागत से शीघ्र ही 10 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। सोमवार को राजस्व और नगरपालिका अमले ने सड़क निर्माण हेतु मार्किंग कार्य किया। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीएनसीपी अनुसार स्वीकृत सड़क की ही मार्किंग की जाए। साथ ही कहा कि जिन मकानों व प्रतिष्ठानों का निर्माण अतिक्रमण की श्रेणी में आता है, उन्हें नोटिस देकर हटाने की कार्यवाही की जाए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मत्सेनिया ने बताया कि कारगिल चौक से बच्चा जेल चौक तक 10 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। मार्किंग कार्य पूर्ण होने के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## एक नजर में

### मेंटेनेंस के कारण आज बडोरा फीडर रहेगा बंद

**बैतूल।** बिजली कंपनी द्वारा 16 सितंबर को 33/11 केव्ही उपकेंद्र बडोरा का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के चलते 33/11 केव्ही उपकेंद्र बडोरा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बडोरा, द्वारका नगर, बटामा एवं सिगंनवाडी क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड विके बैतूल ग्रामीण प्रबंधन ने बताया कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### एक बगिया मां के नाम कार्य का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

**बैतूल।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ मुलताई की ग्राम पंचायत पिपरिया में एक बगिया मां के नाम कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राही श्रीमती अनिता देवी से बगिया में रोपे गए पौधों के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती अनिता ने बताया कि उनके द्वारा 100 उन्नत प्रजाति के आम के पौधों का रोपण किया है, जो लगभग 3 से 4 वर्ष में फल देने की स्थिति में आ जाएंगे। जनपद सीईओ मुलताई ने मनरेगा अंतर्गत निर्मित एक बगिया मां के नाम के निर्माण लागत के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त आयुक्त श्री जीसी दोहर, एसडीएम राजीव कहार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### वार्षिक साधारण सभा 23 सितंबर को

**बैतूल।** जिला लघु वनोपज यूनियन उत्तर बैतूल की वार्षिक साधारण सभा 23 सितंबर को दोपहर 1 बजे से जिला लघु वनोपज यूनियन कार्यालय उत्तर बैतूल में आयोजित की गई है। जिला वनोपज यूनियन उत्तर बैतूल के प्रबंधक ने सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि पर साधारण सभा की बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### प्रशिक्षण शिविर में पहुंचेंगे पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह

**भैंसदेही।** मुख्यालय पर आयोजित हो रहे मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के लीडरशीप डेवलपमेन्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं सहित प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू टेकाम की उपस्थिति में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिन्हें शिविर में विषय के अनुकूल मार्गदर्शन वरिष्ठ कांग्रेस जनों दिया गया इसी कड़ी में आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद राज्यसभा दिग्विजय विजय सिंह इस प्रशिक्षण शिविर में पहुंच कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे, वहीं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रानू उर्फ पंकज सिंह के निवास पर पहुंचकर दोपहर 2बजे स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे , उक्त आशय की जानकारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने दी है।

### सतपुड़ा बांध से सात गेट खोले, नदी में बढ़ा जलस्तर

**सारनी।** सतपुड़ा बांध में लगातार वर्षा के चलते जलस्तर बढ़ने से सोमवार, 15 सितंबर 2025 को शाम 5 बजकर 25 मिनट पर बांध प्रबंधन ने सुरक्षा दृष्टि से सात गेट तीन-तीन फीट तक खोले। इन गेटों से लगभग 19,110 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है। बांध से अचानक अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण तवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन ने नदी किनारे बसे गांवों के लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से नदी क्षेत्र में न जाने की अपील की है।

# 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

**बैतूल। महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हमारे परिवारों, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान जिले सहित पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा।**

**जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होगा कार्यक्रम**

**कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश**

अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश से 17 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। इसी दिन जिला स्तरीय स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शुभारंभ कार्यक्रम बैतूल के जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 17 सितंबर को अभियान शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित आमजन को आमंत्रित कर राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट, वेबकास्टिंग सुनिश्चित करें। अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष रक्तदान शिविर आयोजित कर आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निश्चित दिवस पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे पोषण माह की गतिविधियों के अभिसरण व समन्वय से आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर तथा विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन तथा स्वैच्छिक रक्तदान जैसी गतिविधियां शामिल होगी। अभियान के शीर्षक के अनुरूप यह गतिविधियां महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष रूप से केन्द्रित होंगी।

# बिजली समस्या पर विधायक ने दिखाई तत्परता

**सारनी। क्षेत्र के लोनिया ग्राम के ग्रामीणों ने लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या को लेकर सोमवार को विधायक डॉ. योगेश पण्डागरे से मुलाकात की।**

भाजपा नेता दिनेश यादव के नेतृत्व में बैतूल पहुँचे ग्रामीणों ने विधायक को अवगत कराया कि उनकी विधायक निधि से लगाए गए ट्रांसफार्मर से पर्याप्त लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर की वर्तमान स्थिति के कारण सीमित उपभोक्ता ही बिजली सुविधा ले पा रहे हैं। यदि इसे गांव के दूसरे हिस्से में शिफ्ट किया जाए तो अधिक संख्या में किसान और ग्रामीण इससे लाभान्वित होंगे। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए विधायक डॉ. पण्डागरे ने तत्काल जेई को फोन कर दिए गए। स्थान पर सर्वे कराने और ट्रांसफार्मर को उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए और समस्या का शीघ्र निराकरण करने को कहा। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह, कनकसिंग नरे, शिव गोलु यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।



# कैट के प्रदेश पदाधिकारियों की बैतूल में संपन्न हुई बैठक

**बैतूल।** विगत दिनों व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन कैट का प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मेलन बैतूल में सम्पन्न हुआ था। इस ऐतिहासिक सफल बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित प्रदेश के पदाधिकारी शामिल हुए उन्होंने कैट बैतूल की टीम की अच्छे आयोजन एवं व्यवस्था के लिए प्रशंसा की एवं बैतूल टीम को बधाई दी। पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए कैट को जिला उद्योग संघ ने बहुउद्देशीय एक गरिमामय कार्यक्रम एवं सहभोज आयोजित किया। कार्यक्रम अध्यक्षता उद्योग संघ अध्यक्ष ब्रज आशीष पांडे ने की। सम्मेलन में कैट के प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल संभागीय अध्यक्ष मनजीत सिंह साहनी और जिला अध्यक्ष मनोज भार्गव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उद्योग संघ की ओर से कैट टीम बैतूल का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैट के प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल ने सम्मेलन में जीएसटी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उद्योग और व्यापार दोनों को साथ लेकर चलना होगा तभी विकास संभव है। उन्होंने पूर्व में आयोजित कैट के प्रदेश पदाधिकारी सम्मेलन की समीक्षा करते हुए बैतूल कैट टीम की शानदार मेजबानी की प्रशंसा की।

# मेधावी विद्यार्थियों को वितरित की स्कूटी

**घोड़ाडोंगरी। उत्कृष्ट विद्यालय में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।**

भाजपा पार्षद नेहा दीपक उईके ने मुख्य अतिथि के रूप में स्कूटी वितरण कर बच्चों को सम्मानित किया। स्कूटी पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे समय पर कॉलेज पहुँचकर अपनी पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। नेहा दीपक उईके ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। इससे न केवल शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित होगी, बल्कि छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने शासन की सराहना करते हुए इस पहल को भविष्य के लिए प्रेरणादायक बताया। विद्यालय प्राचार्य श्री निरापुरे, शिक्षकगण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर विद्यार्थियों को उत्साहित किया और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।




# मणिकर्णिका के मंच पर नजर आएगी ओडिसी नृत्य की झलक

**बैतूल।** आगामी 28 सितंबर को बैतूल में स्व. नेहा अभिषेक श्रीवास्तव की स्मृति में आयोजित मणिकर्णिका सम्मान समारोह में न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हो रहे है अपितु कला एवं संस्कृति के माध्यम से देश का नाम दुनिया में रोशन करने वाले कलाकार भी मणिकर्णिका सम्मान समारोह-2025 में भागीदार बन रहे है। इस वर्ष मणिकर्णिका सम्मान के लिए देश की प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना ममता ओझा बैतूल आ रही है। ममता ओझा नृत्य मयूरी की संस्थापक और निदेशक होने के साथ विभिन्न नृत्य संस्थानों में प्राचार्य, प्रशिक्षक एवं निदेशक भी है। उन्होंने कई मंचों पर निर्णायक की भी भूमिका निभाई है। मणिकर्णिका सम्मान समारोह की संयोजक गौरी पदम ने बताया कि इंटरनेशनल आर्टिस्ट ममता ने बैतूल में बेटियों के सम्मान के मंच पर भी अपनी प्रस्तुति देने के लिए सहमति दी है। गौरतलब है कि डॉ वसंत श्रीवास्तव, एड. नीरजा श्रीवास्तव, धीरज बोथरा विवेक मालवीय, एचमार्ट धीरज हिराणी, राजेश आहुजा, समाजसेवी मनीष दीक्षित, अतीत पंवार सहित प्रशासन एवं जनप्रतिनधियों के साझा प्रयास से जिले में आयोजित होने वाले मणिकर्णिका सम्मान ने महज 6 वर्ष में पूरे देश में अलग पहचान बनाई है।

# संगठन ने ऊर्जा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सारनी।** मध्य प्रदेश बाह्यस्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन, जो कि भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध है, ने महाप्रबंधक भूपेंद्र सिंह बघेल को ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष दीपक बिलगैया ने बताया कि ज्ञापन प्रदेश स्तर पर दिया जा रहा है। इसमें मांग की गई है कि ऊर्जा विभाग में प्रस्तावित 49,263 पदों पर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, जिन पर वर्षों से आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं। ये कर्मचारी न केवल कुशल हैं, बल्कि लंबे अनुभव से विभाग की रीढ़ बन चुके हैं। ऐसे में संगठन ने निवेदन किया है कि इन कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियमित किया जाए, ताकि वे 60 वर्ष की आयु तक सेवा देकर सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हो सकें। इससे विभाग को भी योग्य एवं अनुभवी कार्मिक उपलब्ध रहेंगे। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से चंद्रभान पंडाग्रे महासंघ जिला अध्यक्ष, निरंजन सिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष, विजय यादव जिला सचिव, हरीश नरवरे प्रदेश उपाध्यक्ष, संदीप राठौड़ जिला उपाध्यक्ष, पंकज वाघमारे, अंशुल देशपांडे, और नवीन बारस्कर शामिल रहे।




# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने खुलेंगे 33 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर

**किसानों को उपलब्ध होगी जैविक सामग्री**

**22 सितंबर तक बुलाये गये आवेदन**

**बैतूल।** जिले में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए 33 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर बीआरसी खोले जाएंगे। यह पहल कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत की जा रही है। जिले में बनाए गए 50 नेचुरल फार्मिंग क्लस्टर के लिए अब प्रत्येक 3 क्लस्टर पर 2 बीआरसी स्थापित किए जाएंगे। इससे किसान सीधे अपने क्षेत्र में जैविक उर्वरक, गोबर, गोमूत्र और पौधों पर आधारित बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत एवं निमास्त्र, ब्रम्हास्त्रिव सामग्री प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग के परियोजना संचालक डॉ. आनंद कुमार बडोनिया ने बताया कि जिले के विकासखंड बैतूल में 4, शाहपुर में 4, चिचोली में 3, घोड़ाडोंगरी में 3, आमला में 3, मुलताई में 3, प्रभात पट्टन में 3, आठनेर में 3, भैंसदेही में 4 और भीमपुर में 3 सेंटर खोले जाएंगे। इसके लिए स्थानीय कृषि उद्यमी, किसान उत्पाद संगठन, स्वयं सहायता समूह और प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बीआरसी में किसानों को गोबर, गोमूत्र और पौधों पर आधारित जैविक सामग्री उपलब्ध होगी। इसके लिए स्थानीय गोशालाओं और समुदाय आधारित संगठनों के साथ साझेदारी भी की जाएगी। यदि क्लस्टर क्षेत्र में कोई संस्था या समूह उपलब्ध नहीं है, तो प्राकृतिक खेती करने वाले कृषि उद्यमी को चयनित किया जाएगा। इसके लिए 22 सितंबर तक आवेदन बुलाए गए है। इसके लिए संबंधित विकासखंड स्तरीय ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर से संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसमें संस्था का पंजीयन, आधार, पैन कार्ड, सदस्यों की सूची और कम से कम दो वर्षों का प्राकृतिक खेती का विस्तृत बिजनेस प्लान देना अनिवार्य है। बिजनेस प्लान में सेंटर का स्थान, खेती की स्थिति, सेवा क्षेत्र का बाजार विश्लेषण, जैव-इनपुट की बिक्री योजना और कच्चे माल की उपलब्धता का विवरण शामिल होगा। किसान को जैविक खेती के उत्पाद आसानी से मिलेंगे ।उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होगा और स्थानीय बाजार तक पहुंच आसान होगी। पौधों पर आधारित कच्चा माल उपलब्ध होगा।

**बैठक** | **कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई समय सीमा की बैठक**

# स्वरोजगार शिविरों का सफल संचालन किया जाए : कलेक्टर

**बैतूल। सेवा पखवाड़ा और स्वरोजगार शिविरों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।**

**समय सीमा की बैठक आयोजित**

**अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**



उन्होंने बैठक मैं सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय मामले दुर्गादास उईके के मुख्य आतिथ्य में 17 सितंबर को जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े ने बैठक में सेवा पखवाड़ा अभियान कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी बैठक में दी। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में धार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। साथ ही सिकल सेल एनीमिया की जांच, रक्तदान शिविर इत्यादि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम सशक्त महिला सशक्त राष्ट्र की थीम पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आवेदकों से चर्चा कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन की भी जनपदवार जानकारी ली, उन्होंने सभी जनपद सीईओ को अभियान का गंभीरता से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने समस्त एसडीएम को भी लंबित राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने की हिदायत दी। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन योजना और कल्याणी पेंशन योजना के प्रकरणों की समीक्षा कर भीमपुर और भैंसदेही में पेंशन शिविरों का आयोजन करने के सीईओ जनपद और उप संचालक सामाजिक न्याय को निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में स्वरोजगार योजना के बैंकवार शिविर के आयोजन की भी समीक्षा कर सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में शिविरों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। ताकि समस्त स्वरोजगार मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाएं। समग्र ई केवाईसी अभियान की भी समीक्षा शेष लक्ष्य को भी शीघ्र पूर्ण कर शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए।बैठक में संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

# अस्पताल का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**निर्माणाधीन कार्यों का किया अवलोकन**

**बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**

**बैतूल।** स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट सहित अस्पताल के सभी वार्डों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की चूक न हो। यह निर्देश बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन और सभी अस्पताल के चिकित्सा स्टाफ को दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल का भ्रमण कर महिला वार्ड, जनरल वार्ड, एसएनसीयू में व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य और अस्पताल में मिली सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर सेंटर का भी अवलोकन किया और फिनिशिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए। सीएमएचओ डॉ.मनोज हुरमाड़े ने कलेक्टर को बताया कि क्रिटिकल केयर सेंटर एक माह के भीतर पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के परिजनों के बैठने के लिए शेड की व्यवस्था भी किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने डिस्मेंटल किए गए टीबी वार्ड भवन का भी निरीक्षण किया और यहां जन सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था और सीएमएचओ कार्यालय संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ के लिए ट्रामा सेंटर के पास पृथक से पार्किंग व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया, ताकि अस्पताल आने वाले लोगों को परेशानी न हो। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अस्पताल की भोजनशाला का भी निरीक्षण किया और जर्जर पाए जाने पर उसे डिसमेंटल कराए जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैतूल को निर्देश दिए कि अस्पताल की बेतरतीब रूप से बड़ी झाड़ियों की छटाई कर उन्हें व्यवस्थित कराए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ.मनोज हुरमाड़े, सिविल सर्जन डॉ.जगदीश घोरे, सहित अधिकारी उपस्थित थे।